आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे

जे.पी. नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में चम्बा में आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, सांसद हर्ष महाजन और राजीव भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि वर्ष 2018 से आकांक्षी जिला कार्यक्रम के शुरू होने के बाद ज़िला में विकासात्मक गतिविधियों में तेजी आई है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने में सभी जनप्रतिनिधियों की भूमिका सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने ज़िला में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए ज़िला प्रशासन को विशेष कार्य योजना तैयार कर राज्य सरकार के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्रालय को भेजने को कहा।

सामुदायिक रेडियो

जनजातीय ज़िला किन्नौर के पूह में आज से सामुदायिक रेडियो स्टेशन शुरू हो गया है। भारतीय सेना की ओर से प्रदेश में पहली बार सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित किया गया है। सेना की सूर्या कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफिटनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता ने इसका शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल स्थानीय कला व संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि महत्वपूर्ण विषयों सहित आपात स्थिति में लोगों तक सूचना पहुंचाने में भी मदद मिल सकेगी।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर मण्डी में शुरू किए गए सरदार पटेल विश्वविद्यालय के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ज़िले के पधर और बासा में बने दो भवनों को क्रियाशील नहीं किया जा रहा है और इन्हें निजी कॉलेजों को देने की कोशिश की जा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मण्डी में विश्वविद्यालय प्रदेश की ज़रूरतों के अनुसार खोला गया था लेकिन वर्तमान में मुख्यमंत्री द्वारा इस विश्वविद्यालय की अनदेखी दुर्भाग्यपूर्ण है।

अभियान

भारतीय जनता पार्टी ने वक्फ संशोधन अधिनियम के लाभों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए आज से एक राष्ट्रव्यापी अभियान– "वक्फ सुधार जन जागरण अभियान" की शुरुआत की है। यह अभियान 5 मई तक चलेगा। इस अभियान के तहत, भाजपा नेता और कार्यकर्ता, मुस्लिम समुदाय के बीच जाएंगे और उन्हें संशोधित अधिनियम के बारे में जागरूक करेंगे।

बस किराया

प्रदेश सरकार ने राज्य में न्यूनतम बस किराया पांच से बढ़ाकर दस रुपये कर दिया है। दस रुपये का ये न्यूनतम किराया पहले चार किलोमीटर के सफर तक लागू होगा। परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। चार किलोमीटर से अधिक के सफर पर प्रति किलोमीटर किराया पहले की तरह 2 रुपये 19 पैसे के आधार पर लिया जाएगा।

माकपा

दूसरी ओर, प्रदेश सरकार द्वारा न्यूनतम बस किराया बढ़ाने के फैसले का माकपा ने विरोध किया है। पार्टी के राज्य सचिव संजय चौहान ने कहा कि प्रदेश में रेलवे लाइनों और अन्य परिवहन साधनों के अभाव में बस सेवा ही एकमात्र परिवहन का साधन है, ऐसे में आम जनता विशेष रूप से किसान, मज़दूर और छात्रों पर किराया वृद्धि का विपरीत असर पड़ेगा। पार्टी ने सरकार से जनहित में इस फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की है।

निर्देश

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वित्त विभाग को 30 अप्रैल से पहले लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग और अन्य विभागों के ठेकेदारों के बकाया भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में वित्त विभाग के साथ बैठक में उन्होंने हिमकेयर योजना के अंतर्गत आई.जी. एम.सी. शिमला, पी.जी.आई. चण्डीगढ़, टांडा मैडिकल कॉलेज के लंबित बिलों के भी जल्द भुगतान के निर्देश दिए। उन्होंने सहारा योजना के लाभार्थियों की किस्तें जारी करने को भी कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा समय–समय पर उठाए जा रहे प्रभावी कदमों से प्रदेश की वित्तीय स्थिति मजबूत हो रही है।

---